मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/MIS/2019–20/101/1292 भोपाल दिनांक 06 जनवरी 2020

प्रति,

(01) संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/नर्मदापुरम (होशंगाबाद)/इंदौर/उज्जैन/
ग्वालियर/चम्बल (मुरैना)/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

(02) सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
समस्त जिला समस्त (म0प्र0)

विषय:–प्रदेश की मण्डी समितियों में आवक होने वाली प्रत्येक जिन्स की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी की डाटा रिपोर्टिंग करने संबंधी।

–0–

1/ समय समय पर आंचलिक संयुक्त संचालकों/उप संचालकों की सम्पन्न मासिक समीक्षा बैठक एवं विडियो कान्फ्रेसिंग समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रदेश की समस्त कृषि उपज मण्डी समितियों में आवक होने वाली प्रत्येक जिन्सों की दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की सही व त्रुटिरहित जानकारी भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर प्रतिदिन डाटा रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के स्थायी निर्देश दिये गये हैं। साथ ही यही जानकारी मण्डी बोर्ड की वेबसाईट https://mpmandiboard.co.in पर भी दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं।

2/ वर्तमान में मण्डी सचिवों से चाहे जाने पर उनके द्वारा अपनी मण्डी में आने वाली जिन्स/जिन्सों की दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की जानकारी सोशल मिडिया "वॉटसएप" ग्रुप (मण्डी बोर्ड ग्रुप, आंचलिक कार्यालय इंदौर एवं आंचलिक कार्यालय उज्जैन ग्रुप) पर बड़ी सहजता के साथ पोस्ट कर दी जाती है परन्तु कुछ मण्डी समितियों के द्वारा यही जानकारी भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल के साथ साथ मण्डी बोर्ड की वेबसाईट पर दैनिक रुप से दर्ज नहीं की जाती है जिससे इनके उपयोगकर्ताओं को प्रदेश के संदर्भ में पूर्ण जानकारी प्राप्त न होकर अल्प जानकारी प्राप्त हो पाती है। यह स्थिति दैनिक कार्य संचालन की दृष्टि से कतई उपयुक्त नहीं कही जा सकती है।

अतः समस्त अंचल प्रभारी दैनिक कार्य संचालन की दृष्टि से अपने अंचल की मण्डियों से दैनिक आवक भाव की जानकारी सोशल मिडिया "वॉटसएप" ग्रुप पर प्राप्त करते समय यह अनिवार्य रुप से सुनिश्चित करें कि उन सभी मण्डियों के द्वारा भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल के साथ मण्डी बोर्ड की नवविकसित वेबसाईट पर जानकारी दर्ज की गई है अथवा नहीं?

Landeep

3/ यह भी निर्देशित किया जाता है कि अंचल की मण्डी समिति में आवक होने वाली प्रत्येक यथा समस्त जिन्सों की किस्मवार (वैरायटीवाईज) दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की जानकारी के साथ साथ जिन्स ''प्याज (Onion)'' एवं ''आलू'' की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी प्रमुखता के साथ नियमित रुप से प्रतिदिन भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर एवं यही जानकारी मण्डी बोर्ड की वेबसाईट पर भी अनिवार्य रुप से दर्ज कराई जाये।

जो मण्डी सचिव इस कार्य में लापरवाही बरतते हैं या रुचि नहीं लेते हैं तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भिजवायें।

(डॉ.केदार सिंह)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/MIS/2019–20/101/1293 भोपाल दिनांक 06 जनवरी 2020

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(1) निज सहायक, माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास सह अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(2) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल।

(3) Shri B.K. Prusty, Dy. AMA, Directorate of Marketing & Inspection, A-Block, CGO Complex, NH-IV, Faridabad (Haryana) – 121001.

(4) निज सहायक, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(5) अपर संचालक (अंचल प्रभारी), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(6) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक एवं State Project Coordinator (Agmarknet), भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(7) उप कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, 245, द्वितीय तल, महाराणा प्रताप नगर, जोन–2 भोपाल।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल